www.prepp.in

रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| Exam Date | 18/03/2025 |
|---|---|
| Centre Name | |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:30 AM |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** 555 m लंबी एक रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 3.4 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 9 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) क्या है?

**Ans**
✗ 1. 213.6
✗ 2. 222.1
✓ 3. 218.6
✗ 4. 216.4

**Q.2** ₹301 की राशि को तीन व्यक्तियों के बीच 6 : 17 : 5 के अनुपात में वितरित किया जाता है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 150
✗ 2. 153
✗ 3. 130
✓ 4. 129

**Q.3** एक लंच बॉक्स की लंबाई 20 cm, चौड़ाई 12 cm और ऊंचाई 8 cm है। लंच बॉक्स का आयतन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 1820 $cm^3$
✓ 2. 1920 $cm^3$
✗ 3. 182 $cm^3$
✗ 4. 192 $cm^3$

**Q.4** $\sqrt{a^2 - 2\sqrt{3}a + 3}$ का मान ज्ञात कीजिए, जहां $a = \sqrt{3}$ है।

**Ans**
✗ 1. $a + \sqrt{3}$
✗ 2. $a - \sqrt{3}$
✗ 3. $(a - \sqrt{3})^2$
✓ 4. 0

**Q.5** दिया को 24 घंटे में 804 km दूर सूरत पहुँचना है। 9 घंटे तक उसकी प्रारंभिक चाल 58 km/hr थी। अगले 162 km तक उसकी चाल 54 km/hr थी। 24 घंटे के निर्धारित समय में सूरत पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

**Ans**
✗ 1. 12 km/hr
✓ 2. 10 km/hr
✗ 3. 4 km/hr
✗ 4. 16 km/hr

prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 ₹36 प्रति kg वाली चीनी को ₹13 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹15.4 प्रति kg पर बेचने पर 10% का लाभ हो?

Ans
1. 2 : 21
2. 2 : 20
3. 1 : 22
4. 2 : 24

Q.7 36, 45 और 54 का महत्तम समापवर्त्य (HCF) _____ है।

Ans
1. 9
2. 24
3. 18
4. 12

Q.8 9 पुरुष किसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 4 महिलाएं उसी कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 5 महिलाएं और 3 पुरुष इसे कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 10 दिन
2. 5 दिन
3. 9 दिन
4. 6 दिन

Q.9 यदि एक समकोण त्रिभुज का कर्ण और आधार क्रमशः 65 cm और 60 cm है, तो त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 195 cm
2. 150 cm
3. 175 cm
4. 100 cm

Q.10 दो पाइप A और B एक टैंक को क्रमशः 24 मिनट और 32 मिनट में भर सकते हैं। दोनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, लेकिन 8 मिनट के बाद पाइप A को बंद कर दिया जाता है। टैंक भरने में कुल कितना समय लगेगा?

Ans
1. 24 मिनट 36 सेकंड
2. 29 मिनट 20 सेकंड
3. 10 मिनट 40 सेकंड
4. 20 मिनट 29 सेकंड

Q.11 एक साड़ी की दुकान पर ऑफर के अंतर्गत, ग्राहकों को 5 साड़ियों की खरीद पर 3 साड़ियाँ मुफ़्त मिलती हैं। ग्राहकों को मिलने वाली छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 37.5%
2. 34.5%
3. 36.5%
4. 35.5%

Q.12 यदि ब्याज वार्षिक रूप में संयोजित होता है, तो ₹1,900 की राशि पर 5% की वार्षिक दर से 2 वर्ष में प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 188.90
2. 198.50
3. 194.75
4. 207.80

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 125 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 188
✘ 2. 189
✘ 3. 202
✘ 4. 203

Q.14 एक कक्षा में 15 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 40 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 30
✔ 2. 80
✘ 3. 40
✘ 4. 15

Q.15 यदि कोई विक्रेता अपने माल के अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है और इस प्रकार लागत मूल्य के 120% पर बिक्री पूर्ण करता है, तो वह कितने प्रतिशत बढ़ाकर मूल्य अंकित करता है?

Ans
✘ 1. 45%
✘ 2. 40%
✘ 3. 55%
✔ 4. 50%

Q.16 किसी संख्या का 20%, 530 के 20% से 170 अधिक है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 1430
✔ 2. 1380
✘ 3. 1230
✘ 4. 1480

Q.17 निम्नलिखित के भागफलों को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें।

1) 876.48÷83
2) 171.74÷62
3) 369.24÷17

Ans
✘ 1. 3,1,2
✔ 2. 2,1,3
✘ 3. 3,2,1
✘ 4. 1,2,3

Q.18 मान ज्ञात करें:

$$9^3 - 9^2 + \left(\frac{40}{2}\right)^2 - 5 + 8 \times 5 = ______$$

Ans
✔ 1. 1083
✘ 2. 1086
✘ 3. 1091
✘ 4. 1088

Q.19 $\left(\frac{1}{5}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{3}\right)^{-2} + \left(\frac{1}{6}\right)^{-2}$. का मान ज्ञात करें।

Ans
✘ 1. 74
✘ 2. 68
✔ 3. 70
✘ 4. 62

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹3120 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
1. 2080
2. 1040
3. 520 ✔
4. 260

Q.21 हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (6 - 9 ÷ 3) ÷ 3}]

Ans
1. 28 ✔
2. 29
3. 27
4. 30

Q.22 यदि 8, 38, 60 और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 285 ✔
2. 284
3. 290
4. 289

Q.23 पाँच अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 15, 18, 21 से पूर्णतः विभाज्य हो।

Ans
1. 98910
2. 99999
3. 99540 ✔
4. 99660

Q.24 5 kg बाजरा और 10 kg गेहूं का क्रय मूल्य क्रमशः ₹50 प्रति kg और 60 प्रति kg था। बेचने पर विक्रेता को बाजरे पर 10% और गेहूं पर 20% का लाभ अर्जित होता है। कुल बिक्री मूल्य कितना था?

Ans
1. ₹895
2. ₹795
3. ₹995 ✔
4. ₹695

Q.25 कोई व्यक्ति ₹24,000 प्रति लैपटॉप की दर से दो लैपटॉप बेचता है। उसे पहले लैपटॉप पर 20% लाभ होता है और दूसरे लैपटॉप पर 20% हानि होती है। शुद्ध लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4% लाभ
2. 4% हानि ✔
3. 2% हानि
4. 2% लाभ

Q.26 ₹71 प्रति kg वाली चीनी को ₹29 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹32.4 प्रति kg पर बेचने पर 8% का लाभ हो?

Ans
1. 3 : 43
2. 2 : 40
3. 3 : 40
4. 1 : 41 ✔

Q.27 किसी संख्या के 4% का 2%, उस संख्या का कितना प्रतिशत है?

Ans
1. 6
2. 8
3. 0.08 ✔
4. 0.008

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.28 2 वर्ष पूर्व एक कॉलोनी में कीटों की संख्या 12,000 थी। यदि कीटों की संख्या की वृद्धि दर 5% है, तो कॉलोनी में कीटों की वर्तमान संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 13,215
✓ 2. 13,230
✗ 3. 13,225
✗ 4. 13,210

Q.29 यदि 7 अंकों की संख्या 689K348, 9 से विभाज्य है, तो K का मान ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 5
✗ 3. 6
✓ 4. 7

Q.30 प्रथम 112 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 114
✗ 2. 113.5
✗ 3. 112.5
✓ 4. 113

Q.31 एक व्यक्ति 50 km/h की चाल से साइकिल चलाकर एक पुल को 39 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 30.4 km
✗ 2. 35.9 km
✗ 3. 30.3 km
✓ 4. 32.5 km

Q.32 2023 और 2024 में पुणे की जनसंख्या क्रमशः 71,66,000 और 73,45,850 थी। 2023 से 2024 तक जनसंख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई? (दशमलव के बाद एक स्थान तक पूर्णांकित)

Ans
✗ 1. 1.8%
✗ 2. 9.8%
✓ 3. 2.5%
✗ 4. 4%

Q.33 10 cm व्यास और 56 m लंबाई वाले किसी तार का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।
$\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ लीजिए}\right)$

Ans
✗ 1. 440700
✗ 2. 441000
✗ 3. 440400
✓ 4. 440000

Q.34 वीर किसी कार्य को 6 घंटे में कर सकता है। मनोज उस कार्य को 24 घंटे में कर सकता है। आनंद की सहायता से उन्होंने कार्य 3 घंटे में पूरा कर लिया। आनंद अकेले उस कार्य को कितने घंटे में कर सकता है?

Ans
✗ 1. 10
✗ 2. 9
✓ 3. 8
✗ 4. 7

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.35 एक कार पहले घंटे में 207 km और दूसरे घंटे में 51 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 120
2. 129
3. 122
4. 124

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 हैरी बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह पुनः बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
1. 7 km पूर्व की ओर
2. 6 km पूर्व की ओर
3. 8 km पूर्व की ओर
4. 5 km पूर्व की ओर

Q.37 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 8 4 2 5 9 4 3 5 1 4 6 7 2 1 7 6 7 9 5 4 1 3 6 2 9 7 6 7 9 5 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक तथा ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
1. चार
2. तीन
3. एक
4. दो

Q.38 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
1. LN - QI
2. OQ - TL
3. RT - WO
4. UW - ZS

Q.39 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

768 384 192 96 48 ?

Ans
1. 6
2. 36
3. 24
4. 12

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

RIP 14, UFS 19, XCV 24, AZY 29, ?

Ans
1. DVB 36
2. DWB 34
3. EVC 36
4. EWC 34

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.41 सात मित्र, Q, R, S, T, W, X और Y, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के बाएं से गिनने पर Q और W के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, Q के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। S, W के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। S या Q का निकटतम पड़ोसी X नहीं है। T, X का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के दाएं से गिनने पर R और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?


Ans
1. एक भी नहीं ✔
2. दो ✘
3. चार ✘
4. तीन ✘

Q.42 दी गई श्रृंखता में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


56, 65, 83, 110, ?, 191


Ans
1. 146 ✔
2. 156 ✘
3. 136 ✘
4. 165 ✘


Q.43 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।




Ans

✘ 1. 

✘ 2. 

✘ 3. 

✔ 4. 

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.44 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'he drove home' को 'mt bk lo' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'did he go' को 'mf jo mt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'he' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. jo
2. mf
3. bk
4. mt

Q.45 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष इन कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी कैंडी, चॉकलेट हैं।
कुछ कैंडी, लॉलीपॉप हैं।
कोई लॉलीपॉप, कुकी नहीं है।
निष्कर्ष:
I) कुछ कैंडी, कुकी नहीं हैं।
II) कुछ चॉकलेट, कुकी नहीं हैं।
III) कुछ चॉकलेट, लॉलीपॉप नहीं हैं।

Ans
1. केवल I, II और III
2. केवल II और III
3. केवल I और II
4. केवल III

Q.46 B, R, O, K, E, N और S में से प्रत्येक को सोमवार से प्रारंभ होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन छुट्टी मिलती है। R और B के बीच केवल दो व्यक्तियों को छुट्टी मिलती है। R से पहले केवल दो व्यक्तियों को छुट्टी मिलती है। R और S के बीच केवल तीन व्यक्तियों को छुट्टी मिलती है। K और E के बीच केवल एक व्यक्ति को छुट्टी मिलती है। O को K से ठीक पहले वाले दिन छुट्टी मिलती है। N के बाद कितने व्यक्तियों को छुट्टी मिलती है?

Ans
1. तीन
2. एक
3. शून्य
4. दो

Q.47 यदि '+' और '÷' चिह्नों को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या होगा?
24 + 8 ÷ 4 × 5 − 7 ÷ 2 × 2 + 1

Ans
1. 34
2. 20
3. 29
4. 12

Q.48 एक निश्चित कूट भाषा में,
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'E @ F % I # J ÷ X' है, तो E का X से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी की बहन
2. पत्नी का पिता
3. पत्नी का भाई
4. पत्नी की माता

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'India has many seasons' को 'so to po vo' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'I like spring and summer seasons' को 'vo ko ro no lo no' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'seasons' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
✔ 1. vo
✘ 2. no
✘ 3. lo
✘ 4. so

Q.50 यदि '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

66 − 11 × 10 + 2 ÷ 14 = ?

Ans
✘ 1. 16
✘ 2. 10
✔ 3. 12
✘ 4. 24

Q.51 यदि '+' का अर्थ '×' है, '−' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '−' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नांकित समीकरण में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
8 + 2 × 4 − 4 ÷ 16 = ?

Ans
✘ 1. 26
✘ 2. 20
✘ 3. 18
✔ 4. 31

Q.52 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष इन कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ चम्मच, प्लेट हैं।
कुछ प्लेट, कटोरे हैं।
कोई कटोरे, गिलास नहीं है।

निष्कर्ष:
I) कुछ चम्मच, गिलास हैं।
II) कुछ प्लेट, गिलास हैं।
III) कुछ प्लेट, गिलास नहीं हैं।

Ans
✘ 1. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
✔ 2. केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।
✘ 3. निष्कर्ष I और III दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 4. या तो निष्कर्ष II या निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

Q.53 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

KA 33, IJ 38, GS 48, EB 63, ?

Ans
✘ 1. CP 83
✔ 2. CK 83
✘ 3. CK 85
✘ 4. CP 85

www.prepp.in

Q.54 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं और गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।

(बाएं) 6 6 8 8 1 7 8 3 8 9 5 3 8 6 8 2 2 7 2 4 8 7 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद में एक सम अंक भी है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. एक
4. एक भी नहीं

Q.55 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी बैंड, धागे हैं।
सभी बैंड, रस्सियां हैं।
कुछ रस्सियां, तार हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ तार, बैंड हैं।
(II): कुछ रस्सियां, धागे हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.56 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C के दाएं कोई नहीं बैठा है। C और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, A के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। D और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 1
2. 4
3. 3
4. 2

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या-समूह दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूरा करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

HM28 IN36 JO44 KP52 ?

Ans
1. LQ61
2. LR60
3. LR61
4. LQ60

Q.58 सात बॉक्स D, E, F, H, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। E के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। I के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। I और D के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। J को F के ठीक ऊपर रखा गया है। H को K के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। K और J के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. एक
2. चार
3. दो
4. तीन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.59 मिस्टर Tqr, बिंदु A से ड्राइव करना आरंभ करते हैं और दक्षिण की ओर 31 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, और 7 km ड्राइव करते हैं, वह फिर बाएं मुड़ते हैं और 39 km ड्राइव करते हैं। वह फिर बाएं मुड़ते हैं और 17 km ड्राइव करते हैं, वह फिर बाएं मुड़ते हैं और 5 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 2 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 12 km पश्चिम की ओर
✗ 2. 10 km उत्तर की ओर
✗ 3. 10 km दक्षिण की ओर
✓ 4. 12 km पूर्व की ओर

Q.60 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 31 57 109 213 ?

Ans
✗ 1. 420
✓ 2. 421
✗ 3. 423
✗ 4. 422

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'E + N × P ÷ Q − R' है, तो E का R से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता की माता
✓ 2. माता की माता
✗ 3. माता
✗ 4. पत्नी की माता

Q.62 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
WQA : XRB
TRO : USP


Ans
✓ 1. PER : QFS
✗ 2. PAS : QBR
✗ 3. VDF : UEG
✗ 4. MED : NFC

Q.63 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'LEAD' को '1398' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'TOLD' को '7843' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'SOAP' को '4925' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?


Ans
✗ 1. 4
✓ 2. 7
✗ 3. 8
✗ 4. 3


www.prepp.in
Your Personal Exams Guide


**Q.64** विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानिए, जिसे '?' के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूरी हो जाएगी।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

**Q.65** A, B, C, D और E एक गोल-मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, A के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। C, A के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के दाएं से गिनने पर A और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

✗ 1. तीन

✗ 2. दो

✓ 3. एक

✗ 4. एक भी नहीं

**Q.66** यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पांच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 587 465 872 647 249 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट : सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**

✗ 1. एक

✓ 2. दो

✗ 3. एक भी नहीं

✗ 4. तीन

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.67 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

EG – IK – MO
BD – FH – JL

Ans
1. GI – JL – MN
2. AC – EG – IK ✔
3. NP – QR – SU
4. HI – MP – SU

Q.68 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)
13 - 5 - 8
34 - 8 - 26

Ans
1. 78 - 8 - 72
2. 16 - 4 - 8
3. 45 - 8 - 34
4. 25 - 5 - 20 ✔

Q.69 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

APEX - EAPX - XEPA
GREW - EGRW - WERG

Ans
1. FIRN - RFIN - NRIF ✔
2. MEAN - AMEN - EANM
3. SAKE - SKAE - EKAS
4. KING - IKNG - GINK

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूहों में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QMR
2. IEJ
3. MIO ✔
4. GCH

## Section : General Awareness

Q.71 भारत में बुनियादी सड़क सांख्यिकी-2018-19 के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग देश में कुल सड़क नेटवर्क का _______ हिस्सा बनाते हैं।

Ans
1. 08.40%
2. 12.90%
3. 02.09% ✔
4. 22.10%

Q.72 ________ नामक गेहूं की एक किस्म भारत में अक्टूबर 2024 में लांच की गई थी।

Ans
1. NWS-2199 बादशाह
2. NWS-2194 बादशाह ✔
3. NWS-2164 बादशाह
4. NWS-2184 बादशाह

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.73 संघ सूची के विषयों का उल्लेख भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?

Ans
✔ 1. अनुच्छेद 246
✗ 2. अनुच्छेद 244
✗ 3. अनुच्छेद 242
✗ 4. अनुच्छेद 248

Q.74 जुलाई 2024 में, हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स में अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस में जीत हासिल करने वाले कुश मैनी का संबंध निम्नलिखित में से किस देश से है?

Ans
✗ 1. श्रीलंका (Sri Lanka)
✗ 2. म्यांमार (Myanmar)
✗ 3. नेपाल (Nepal)
✔ 4. भारत (India)

Q.75 किस संविधान संशोधन अधिनियम को 'शिक्षा का अधिकार' संशोधन के रूप में जाना जाता है?

Ans
✗ 1. 61वें संशोधन
✗ 2. 101वें संशोधन
✗ 3. 44वें संशोधन
✔ 4. 86वें संशोधन

Q.76 अवध को औपचारिक रूप से ब्रिटिश साम्राज्य में किस वर्ष शामिल किया गया था?

Ans
✗ 1. 1854
✗ 2. 1860
✗ 3. 1852
✔ 4. 1856

Q.77 भारत में कौन-सी अदालत संपत्ति विवाद, तलाक और उपभोक्ता समस्याओं जैसे सिविल मामलों को संभालने के लिए जिम्मेदार है?

Ans
✗ 1. सत्र न्यायालय
✔ 2. दीवानी न्यायालय
✗ 3. राजस्व न्यायालय
✗ 4. दंड न्यायालय

Q.78 जुलाई 2024 में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विमानन एक्सपो IDAX-24 का उद्घाटन किस शहर में किया?

Ans
✔ 1. जोधपुर
✗ 2. जयपुर
✗ 3. भोपाल
✗ 4. सूरत

Q.79 मानक ताप और दाब (STP) पर ऑक्सीजन गैस पर विचार कीजिए। STP पर ऑक्सीजन अणुओं के एक मोल का भार (ग्राम में) लगभग कितना होता है?

Ans
✗ 1. 16
✗ 2. 64
✗ 3. 8
✔ 4. 32

Q.80 साक्षरता, मानव विकास का एक महत्वपूर्ण घटक क्यों है?

Ans
✗ 1. इससे उच्च कृषि उत्पादकता सुनिश्चित होती है।
✗ 2. इससे जनसंख्या वृद्धि कम होती है।
✗ 3. इससे सकल घरेलू उत्पाद में प्रत्यक्ष वृद्धि होती है।
✔ 4. यह व्यक्तियों को सूचित निर्णय (informed decision) लेने में सशक्त बनाता है एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है।

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.81 सितंबर 2024 की अटलांटिक साझेदारी (Atlantic Partnership) के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रयास की तीन लाइनों में से एक नहीं है?

Ans
✗ 1. टिकाऊ नीली अर्थव्यवस्था (Sustainable Blue Economy)
✗ 2. महासागर आधारित खाद्य सुरक्षा (Ocean-based Food Security)
✓ 3. सैन्य रक्षा सहयोग (Military Defense Cooperation)
✗ 4. विज्ञान क्षमता निर्माण एवं आदान-प्रदान (Science Capacity Building and Exchange)

Q.82 नवंबर 2024 में, सेबी ने वित्तीय बाजार के किस सेगमेंट को विनियमित करने के लिए विशेषज्ञ पैनल द्वारा अनुशंसित सात उपायों में से छह को लागू किया?

Ans
✓ 1. डेरिवेटिव मार्केट (Derivatives Market)
✗ 2. इक्विटी मार्केट (Equity Market)
✗ 3. ऋण मार्केट (Debt Market)
✗ 4. विदेशी मुद्रा मार्केट (Forex Market)

Q.83 शास्त्रीय वाद्ययंत्र वीणा के प्रति अपने योगदान के लिए 2022 में संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार की विजेता रमणी रंगन (Ramani Rangan) किस भारतीय राज्य से हैं?

Ans
✗ 1. आंध्र प्रदेश
✓ 2. तमिलनाडु
✗ 3. कर्नाटक
✗ 4. गुजरात

Q.84 भारत में हरित क्रांति का उद्देश्य निम्नलिखित में से किसमें सुधार करना था?

Ans
✗ 1. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
✓ 2. कृषि उत्पादकता
✗ 3. शहरी अवसंरचना
✗ 4. औद्योगिक वृद्धि

Q.85 संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दि विकास लक्ष्य (MDGs) की घोषणा वर्ष ___________ में की गई थी।

Ans
✗ 1. 2004
✗ 2. 2002
✓ 3. 2000
✗ 4. 2003

Q.86 भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की निम्नलिखित में से किस अंतरराष्ट्रीय घोषणापत्र के साथ साम्यता है?

Ans
✓ 1. मानव अधिकारों का सार्वजनिक घोषणापत्र
✗ 2. नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा
✗ 3. जिनेवा समझौता
✗ 4. संयुक्त राष्ट्र चार्टर

Q.87 भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची, नगरपालिकाओं की शक्तियों, अधिकारों और उत्तरदायित्वों से संबंधित है?

Ans
✗ 1. आठवीं अनुसूची
✗ 2. सातवीं अनुसूची
✓ 3. बारहवीं अनुसूची
✗ 4. दसवीं अनुसूची

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.88 सुन्दरवन किस प्रकार की वनस्पति के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
1. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
2. पर्णपाती वन
3. कंटक वन
4. मैंग्रोव वन

Q.89 'इंदु प्रकाश' में 'न्यू लैम्प्स फॉर ओल्ड' ('New Lamps for Old') का प्रकाशन किसने किया?

Ans
1. बाल गंगाधर तिलक
2. लाला लाजपत राय
3. अरबिंदो घोष
4. बिपिन चंद्र पाल

Q.90 अशोक के पौत्र (grandsons) का नाम क्या था?

Ans
1. चंद्रगुप्त द्वितीय
2. बिंदुसार
3. दशरथ मौर्य
4. बृहद्रथ

Q.91 मानव शरीर में बिम्बाणु (thrombocytes) की प्राथमिक भूमिका क्या है?

Ans
1. प्रतिरक्षा अनुक्रिया आरंभ करना
2. कोशिकाओं तक पोषक तत्वों का परिवहन करना
3. रक्तस्राव को रोकने के लिए रक्त के थक्के बनाना
4. ऊतकों तक ऑक्सीजन पहुंचाना

Q.92 निम्नलिखित में से किस अवधि को, भारत में आर्थिक विकास के संदर्भ में कृषि को बढ़ावा देने का चरण माना जाता है?

Ans
1. 1980 के अंत से 1990 तक (Late 1980 - 1990)
2. 1960 के दशक के अंत से 1970 के दशक तक (Late 1960s - 1970s)
3. 1950 के मध्य से 1960 के मध्य तक (mid 1950 - mid 1960)
4. 1970 के अंत से 1980 के अंत तक (Late 1970 - 1980)

Q.93 हिमालय की सबसे बाहरी पर्वत श्रृंखला को क्या कहा जाता है?

Ans
1. हिमाचल
2. काराकोरम
3. शिवालिक
4. हिमाद्रि

Q.94 चार वर्ष की अवधि में एथलीटों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु कोचों को युवा मामले और खेल मंत्रालय (MYAS) द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?

Ans
1. द्रोणाचार्य पुरस्कार
2. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार
3. अर्जुन पुरस्कार
4. खेल रत्न पुरस्कार

Q.95 1856 में, ब्रिटिश साम्राज्य में अवध के विलय के समय अवध का नवाब कौन था?

Ans
1. अमजद अली शाह
2. वजीर अली
3. शुजा-उद्-दौला
4. वाजिद अली शाह

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.96 निम्नलिखित में से कौन-सा भूमि सुधार का एक घटक नहीं है?

Ans
1. भूमि सीमा
2. औद्योगिक निजीकरण
3. बिचौलियों का उन्मूलन
4. किरायेदारी सुधार

Q.97 नेशनल डिफेंस कॉलेज में NDC पाठ्यक्रम का कौन-सा संस्करण 6 जनवरी 2025 से 28 नवंबर 2025 तक निर्धारित है?

Ans
1. 65वां
2. 75वां
3. 70वां
4. 100वां

Q.98 जनवरी 2024 में, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में किस देश के खिलाड़ी ने पुरुष एकल खिताब जीता था?

Ans
1. चीन
2. दक्षिण कोरिया
3. जापान
4. थाईलैंड

Q.99 भारत में नाभिकीय ऊर्जा का उपयोग करके विद्युत उत्पादन कब शुरू किया गया?

Ans
1. 1969
2. 1978
3. 1998
4. 1988

Q.100 भारत के शास्त्रीय वाद्ययंत्रों में से एक, तंबूरा (जिसे उत्तर भारत में तानपुरा भी कहा जाता है), कितने धातु तारों का बना होता है?

Ans
1. 3
2. 4
3. 9
4. 6

Q.101 वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (Q2 FY25) में, एक्सिस बैंक की निवल ब्याज आय में वर्ष-दर-वर्ष (YoY) कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
1. 15%
2. 9%
3. 11%
4. 6%

Q.102 1857 के विद्रोह के दौरान निम्नलिखित में से किस घटना के परिणामस्वरूप भारतीय विद्रोहियों का सामूहिक नरसंहार हुआ था?

Ans
1. आगरा में सैन्य विद्रोह
2. मंगल पांडे की फांसी
3. दिल्ली पर कब्ज़ा
4. मेरठ में सैन्य विद्रोह

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.103 एक बांध में, जल की स्थितिज ऊर्जा __________ में परिवर्तित हो जाती है, जो टरबाइन को घुमाती है।

Ans
✔ 1. गतिज ऊर्जा
✗ 2. यांत्रिक ऊर्जा
✗ 3. विद्युत ऊर्जा
✗ 4. ऊष्मा ऊर्जा

Q.104 निम्नलिखित में से किसे, 1991 की वैश्वीकरण नीतियों का भारत की आर्थिक संरचना पर दीर्घकालिक प्रभाव माना जा सकता है?

Ans
✔ 1. सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर स्थानांतरण (Shift towards a service-based economy)
✗ 2. GDP योगदान में कृषि का प्रभुत्व (Dominance of agriculture in GDP contribution)
✗ 3. गरीबी का पूर्ण उन्मूलन (Complete elimination of poverty)
✗ 4. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से विलगन (Isolation from international trade)

Q.105 चिकित्सीय उपचार के लिए औषधियों (drugs) के उपयोग को __________ कहा जाता है।

Ans
✗ 1. प्रकाशचिकित्सा (Phototherapy)
✗ 2. प्रतिरक्षा चिकित्सा (Immunotherapy)
✔ 3. रसोचिकित्सा (Chemotherapy)
✗ 4. विकिरण चिकित्सा (Radiotherapy)

Q.106 भारतीय संविधान में, अनुच्छेद 51(A) का खंड (K) कब शामिल किया गया था?

Ans
✗ 1. 1999
✔ 2. 2002
✗ 3. 1990
✗ 4. 2004

Q.107 सरदार सरोवर बांध किस नदी पर बना है?

Ans
✔ 1. नर्मदा
✗ 2. कृष्णा
✗ 3. महानदी
✗ 4. तापी

Q.108 अगस्त 2024 में, किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने सशस्त्र बलों के लिए बिजली उत्पन्न करने, वास्तविक समय में लोकेशन ट्रैक करने वाले जूते विकसित किए?

Ans
✔ 1. IIT इंदौर
✗ 2. IIT दिल्ली
✗ 3. IIT बॉम्बे
✗ 4. IIT कानपुर

Q.109 'हिंद महासागर द्विध्रुव (Indian Ocean Dipole - IOD)', निम्नलिखित में से किसके बीच समुद्र की सतह के तापमान में अंतर से अभिलक्षित होता है?

Ans
✗ 1. उष्णकटिबंधीय पूर्वी हिंद महासागर और उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर
✗ 2. उष्णकटिबंधीय पश्चिमी हिंद महासागर और उष्णकटिबंधीय पश्चिमी प्रशांत महासागर
✔ 3. उष्णकटिबंधीय पश्चिमी हिंद महासागर और उष्णकटिबंधीय पूर्वी हिंद महासागर
✗ 4. उष्णकटिबंधीय पश्चिमी हिंद महासागर और उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत महासागर

Q.110 हड़प्पा में __________ रंग के बलुआ पत्थरों से बना एक पुरुष धड़ (Male Torso) मिला था।

Ans
✗ 1. भूरे
✗ 2. पीले
✗ 3. हरे
✔ 4. लाल

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.111 2024 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मंजूरी के अनुसार, किस बैंक का AU स्मॉल फाइनेंस बैंक में विलय हो गया?

Ans
1. जनलक्ष्मी स्मॉल फाइनेंस बैंक
2. फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ✔
3. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक
4. इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक

Q.112 किस गुप्त सम्राट ने अपनी राजधानी साकला (Sakala) में स्थापित की थी?

Ans
1. चंद्रगुप्त
2. समुद्रगुप्त
3. अशोक
4. मिहिरकुल ✔

Q.113 नवंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, रक्षा राज्य मंत्री कौन हैं?

Ans
1. अखिलेश यादव
2. निर्मला सीतारमण
3. अमित शाह
4. संजय सेठ ✔

Q.114 प्रथम बंगाल विभाजन _____ में हुआ था।

Ans
1. 1905 ✔
2. 1885
3. 1898
4. 1907

Q.115 अक्टूबर 2024 की अपनी मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का रुख क्या था?

Ans
1. तटस्थ (Neutral) ✔
2. आक्रामक (Hawkish)
3. समायोजनवादी (Accommodative)
4. कठोरतावादी (Tightening)

Q.116 गौहत्या पर प्रतिबन्ध लगाना भारतीय संविधान के _____ में उल्लिखित एक नीति निदेशक सिद्धांत है।

Ans
1. अनुच्छेद 48 ✔
2. अनुच्छेद 49
3. अनुच्छेद 43
4. अनुच्छेद 42

Q.117 पाचन के संदर्भ में, बोलस (bolus) का सर्वोत्तम वर्णन निम्नलिखित में से किस विकल्प द्वारा किया जाता है?

Ans
1. पाचन क्रिया को उद्दीपित करने के लिए आमाशय द्वारा स्रावित एक हार्मोन
2. आंत्रिकाओं के श्लेष्मल में ग्रंथियों द्वारा स्रावित एक पाचन तरल
3. अग्न्याशय द्वारा उत्पन्न एक प्रकार का एंजाइम
4. चबाने के दौरान बनने वाला भोजन और लार का मिश्रण ✔

Q.118 2024 के बजट में, किस क्षेत्र के विकास के उद्देश्यों के लिए ₹2.66 लाख करोड़ का आवंटन किया गया?

Ans
1. रक्षा
2. ग्रामीण विकास ✔
3. शहरी अवसंरचना
4. MSME क्षेत्र

Q.119 बृहदेश्वर मंदिर का निर्माण निम्नलिखित में से किस राजवंश द्वारा करवाया गया था?

Ans
1. चोल (✓)
2. गुप्त
3. मौर्य
4. पांड्य

Q.120 भारतीय मरुस्थल में वार्षिक औसत वर्षा कितनी होती है?

Ans
1. 200 mm से 500 mm
2. 150 mm से कम (✓)
3. 1000 mm से अधिक
4. 500 mm से 1000 mm

Prepp
Your Personal Exams Guide